भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1844
बुधवार, 04 अगस्त, 2021/13 श्रावण, 1943 (शक)

कोविड-19 महामारी के दौरान नौकरियों का छूट जाना

1844 . श्री के.टी.एस. तुलसीः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

देश में कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष 2021 की पहली तिमाही अर्था जनवरी 2021 से अप्रैल 2021 तक असंगठित क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों में हुए कुल नौकरियों के नुकसान का क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

रोजगार/बेरोजगारी से संबंधित आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित किए जाने वाले आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से 2017-18 से इकट्ठे किए जा रहे हैं। वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट जुलाई से जून तक की सर्वेक्षण अवधि को कवर करती है। नवीनतम उपलब्ध रिपोर्ट वर्ष 2019-20 के लिए है।

2018-19 एवं 2019-20 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणामों के अनुसार, देश में सामान्य स्थिति आधार पर 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) एवं अनुमानित बेरोजगारी दर नीचे दी गई हैं:

(प्रतिशत में)

वर्ष	2018-19		2019-20	
	डब्ल्यूपीआर	यूआर	डब्ल्यूपीआर	यूआर
अखिल भारत	47.3	5.8	50.9	4.8

डब्ल्यूपीआर-कामगार जनसंख्या अनुपात
यूआर-बेरोजगारी दर

*****